# हिन्दी विभाग

## फीडबैक

छात्र प्रतिक्रिया विश्लेषण 2022–23 के लिए हिन्दी विभाग ने महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं से फीडबैक गूगल फार्म में 12 बहुविकल्पीय व एक लघुत्तरीय के माध्यम से कुल 13 प्रश्न पूछे। जिसमें स्नातक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के 154 विद्यार्थियों ने प्रतिक्रिया दी। इस प्रतिक्रिया में कुछ प्रश्न पाठ्यक्रम से भी संबंधित है जिनका विवरण इस प्रकार है–

स्नातक प्रथम वर्ष–स्नातक प्रथम वर्ष के कुल 50 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रथम वर्ष के विषय में सामान्य विषय की उपयोगिता, उददेश्य,पुस्तकालय व रोजगार से संबंधित थे। वहीं पाठ्क्रम के प्रश्न साहित्य की नवीन विधाएं,भक्तिसाहित्य की उपयोगिता ,रस व अंलकारों के ज्ञान आदि से जुड़े थे।

स्नातक द्वितीय वर्ष– स्नातक द्वितीय वर्ष के कुल 50 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। सभी विद्यार्थियों ने पूछे गए प्रश्नों में अपनी 100 प्रतिशत सहमति दी। सामान्य प्रश्नों में बौद्धिक जागरुकता,रोजगार आदि से जुड़े प्रश्न थे। काव्य का मानव जीवन में स्थान, नाटक व कहानियों की उपयोगिता हिन्दी के विषयगत प्रश्न थे।

1.काव्य मानव जीवन को प्रभावित करता है। इस विषय में 100 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सहमति दी।

2.नाटक, कहानी की उपयोगिता विषय में भी 100 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी सहमति दी।

स्नातक तृतीय वर्ष– स्नातक तृतीय वर्ष के कुल 40 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। सामान्य प्रश्नों के अतिरिक्त विषयगत प्रश्नों में विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया इस प्रकार है–

1.निबन्ध विचार सम्प्रेषण की विधा है इस विषय में 84 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी सहमति दी।

2.हरियाणी भाषा के उदभव व विकास से संबंधित प्रश्नों में 97 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी सहमति दी।

3.पत्रकार समाज का पथ प्रदर्शन विषय में 100 प्रतिशत रही।

विज्ञान संकाय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में 10 ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। विद्यार्थियों से पूछे गए प्रश्नों में 100 प्रतिशत ने अपनी सहमति दी। सामान्य प्रश्नों में पाठ्यक्रम की उपयोगिता,बौद्धिक जागरुकता आदि के साथ कुछ विषयगत प्रश्न जैसे पत्र लेखन, काव्य का मानव जीवन में प्रमाण आदि प्रश्न पूछे गए। जिनकी प्रतिक्रिया इस प्रकार है–

1.पाठ्यक्रम में पत्र लेखन विषय अति उपयोगी है विषय पर 100 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी सहमति दी।

2.काव्य मानव जीवन को आंतरिक रूप से प्रभावित करता है। पर 100 प्रतिशत ने अपनी सहमति दी।